क्रौंच
(सारस क्रेन)

पौराणिक कथा

प्रमुख घटना जो कविता पाठन के लिए दृश्य तैयार करती है वह है आदिकाव्य रामायण के पहलेs अध्याय, बालकांड के दूसरे सर्ग में एक बहेलिए द्वारा की गई क्रौंच पक्षी का वध। भ्रमण के दौरान, प्रयागराज के पास, तमसा नदी में स्नान करने से पहले, ऋषि वाल्मिकी को सारस क्रेन ("क्रौंच") पक्षी का एक जोड़ा मिला, जो पूरी तरह से एक-दूसरे में लीन था। पक्षियों की प्रशंसा करते समय, एक बहेलिया अचानक प्रकट होता है और नर को मार देता है। मादा की व्यथा और पक्षी की मृत्यु की दिल दहला देने वाली चीख ने ऋषि को इस हद तक द्रवित किया कि उन्होंने अनायास ही बहेलिए को श्राप दे दिया, जिसे एक श्लोक के रूप में स्वरबद्ध किया। यह संस्कृत का पहला श्लोक माना जाता है।

मा निषाद प्रतिष्ठितम् तवमगमः शाश्वतीः समः
यत् क्रौंचमिथुनादेकं अवधिः काममोहितम्

श्लोक का अनुवाद इस प्रकार है, "हे बहेलिए, तुम जीवन भर पश्चाताप करोगे और कष्ट सहोगे, तुम्हें कभी शांति और प्रतिष्ठा नहीं मिलेगी, क्योंकि तुमने एक अनभिज्ञ, समर्पित और प्रेम करने वाले क्रौंच जोड़े में से एक का वध किया है।"

जूलिया लेस्ली (1998) द्वारा कविता के एक विस्तृत अध्ययन में 32 प्रजातियों पर विचार किया गया और कविता में 'क्रौंच' पक्षी के रूप में सारस क्रेन को छोड़कर बाकी सभी प्रजातियों को हटा दिया गया।

गंगा में पायी जाने वाली प्रजातियाँ

गंगा नदी 177 पक्षी प्रजातियों को आश्रय प्रदान करती है, जिनमें आर्द्रभूमि, नदीय और स्थलीय प्रजातियाँ शामिल हैं। दुनिया का सबसे ऊंचा उड़ने वाला पक्षी, सारस क्रेन (*एंटीगोन एंटीगोन*) 152-156 सेमी लंबा होता है और इसके पंखों का फैलाव 240 सेमी होता है। यह एक ही साथी के साथ जीवन भर के लिए संबंध बनाने के लिए जाना जाता है। सारस क्रेन उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी है। यह प्रजाति भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (संशोधन 2022) की अनुसूची I के तहत संरक्षित है और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) रेड लिस्ट के अंतर्गत संकटग्रस्त के रूप में वर्गीकृत है।

पारिस्थितिक भूमिका

जलीय पक्षी जैव-विविधता को बनाए रखते हैं, कीटों को नियंत्रित करते हैं, पारिस्थितिक स्थितियों के प्रभावी जैव संकेतक हैं, और संभावित बीमारियों के प्रकोप से बचाने वाले प्रहरी के रूप में भी कार्य करते हैं।

संकट के कारण

आर्द्रभूमि की हानि और क्षरण, शिकार, मानवीय अशांति, रैखिक विकास, विद्युत तारों के साथ टकराव और कृषि क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों का अंतर्ग्रहण।

नमामि गंगे
Arth Ganga
भारतीय वन्यजीव संस्थान
Wildlife Institute of India
जलज

मत्स्य (मछली)

पौराणिक कथा

एक दंतकथा के अनुसार भीषण प्रलय के समय धर्मात्मा मनु को बचाने के लिए भगवान विष्णु ने मत्स्यावतार धारण किया। धर्मात्मा मनु को महाविनाश के बाद एक नए विश्व के पुनर्निर्माण के लिए एक विशाल नाव बनाने और सप्तऋषियों (सात प्राचीन ऋषियों) के साथ जीवन का बीज ले जाने का परामर्श दिया गया था। मत्स्य, भगवान विष्णु के दशावतारों में से पहला अवतार है, जिसमें भगवान विष्णु को चार भुजाओं वाली एक आकृति के रूप में दर्शाया गया है, जिसका ऊपरी हिस्सा एक मनुष्य का और निचला हिस्सा एक मछली का है। भगवान विष्णु का यह अवतार परम सत्य के ज्ञान व पुनर्स्थापना का प्रतीक है जो अहंकार से विकृत हो गया था।

बौद्ध धर्म में आठ शुभ प्रतीकों 'अष्टमंगला' में से एक सुनहरी मछलियों की एक जोड़ी है, जो सामान्यतः एक-दूसरे की ओर सिर घुमाए लंबवत खड़े दिखाई देते हैं। गंगा और यमुना के लिए प्राचीन बौद्ध प्रतीक माने जाने वाली मछलियाँ, सन्निहित चेतना, खुशी, उर्वरता और प्रचुरता को दर्शाती हैं।

गंगा में पायी जाने वाली प्रजातियाँ

गंगा नदी में 236 मछली प्रजातियाँ पाई जाती हैं जो 58 परिवारों का प्रतिनिधित्व करती हैं। कुछ सामान्य प्रजातियाँ हैं: गोल्डन महाशीर ***टोर पुतिटोरा*** (इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर [आईयूसीएन] रेड लिस्ट के अंतर्गत लुप्तप्राय श्रेणी में वर्गीकृत) कॉमन स्नोट्राउट ***शिज़ोथोरैक्स रिचर्डसन*** (आईयूसीएन रेड लिस्ट के अंतर्गत संकटग्रस्त श्रेणी में वर्गीकृत)। हेलीकॉप्टर कैटफ़िश ***वालागो अट्टू*** (आईयूसीएन रेड लिस्ट के अंतर्गत संकटग्रस्त श्रेणी में वर्गीकृत), स्पॉटफिन स्वैम्प बार्ब ***पुंटियस सोफोर*** (आईयूसीएन रेड लिस्ट के अंतर्गत संकटमुक्त श्रेणी में वर्गीकृत), माइनर कार्प ***लेबियो बाटा*** (आईयूसीएन रेड लिस्ट के अंतर्गत संकटमुक्त श्रेणी में वर्गीकृत), ब्रॉन्ज़ फेदरबैक ***नॉटोप्टेरस नॉटोप्टेरस*** (आईयूसीएन रेड लिस्ट के अंतर्गत संकटमुक्त श्रेणी में वर्गीकृत) और हिल्सा ***टेनुआलोसा इलिशा*** (आईयूसीएन रेड लिस्ट के अंतर्गत संकटमुक्त श्रेणी में वर्गीकृत)।

पारिस्थितिक भूमिका

मछलियाँ पोषी संरचना को नियंत्रित करती हैं और पोषक तत्वों की अस्थायी उपलब्धता को प्रभावित करती हैं । वे नाइट्रोजन और फास्फोरस को खनिज के रूप में परिवर्तित करती हैं, जिससे ये पोषक तत्व वनस्पतियों और काई को प्राथमिक उत्पादन के लिए उपलब्ध हो जाते हैं। मछलियाँ विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों में पोषक तत्वों का परिवहन भी करती हैं।

संकट के कारण

अत्यधिक दोहन और आवास का क्षरण।

गांगेय डॉल्फिन
(वाहन)

पौराणिक कथा

ऐसा मान्यता है कि जब देवी गंगा स्वर्ग से उतरीं, तो उनके साथ प्रकट होने वाले कई प्राणियों में से एक गांगेय डॉल्फिन भी था। इसे देवी गंगा का वाहन भी माना जाता है।

गंगा में पायी जाने वाली प्रजातियाँ

गांगेय डॉल्फ़िन (*प्लैटनिस्टा गैंजेटिका*) को 2009 में भारत के 'राष्ट्रीय जलीय पशु' के रूप में अधिसूचित किया गया था। यह दुनिया की चार विशिष्ट मीठे पानी की डॉल्फ़िन प्रजातियों में से एक है जो कि विशेष रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है। यह प्रजाति भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (संशोधन, 2022) की अनुसूची I के अंतर्गत संरक्षित है और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) रेड लिस्ट के अंतर्गत लुप्तप्राय श्रेणी में वर्गीकृत है।

पारिस्थितिक भूमिका

एक शीर्ष परभक्षी होने के कारण यह आवासों के बीच तेज़ी से घूमता है, प्रणालियों के बीच पोषक तत्वों और ऊर्जा का परिवहन करता है, और पोषी अंत:क्रियायों (ट्रॉफिक इंटरैक्शन) पर अधोगामी (टॉप-डाउन) विनियमन के माध्यम से पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करता है, जिससे आवासीय सहलग्नता बनी रहती है।

संकट के कारण

आवासीय संयोजकता (कनेक्टिविटी) की हानि, तेज़ी से परिवर्तित होता जल विज्ञान और शिकार का अत्यधिक दोहन।

नमामि गंगे
Arth Ganga
भारतीय वन्यजीव संस्थान
Wildlife Institute of India
जलज

मकर (मगरमच्छ)

पौराणिक कथा

हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रयोग होने वाले 'मगर' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द 'मकर' से हुई है जिसका अर्थ समुद्री राक्षस होता है। मकर, एक पौराणिक वर्ण संकर जीव है जिसे हिंदू शास्त्र में नदियों की देवी, गंगा और समुद्रों के देवता, वरुण के वाहन के रूप में चित्रित किया गया है। यह कामदेव के ध्वज का प्रतीक चिन्ह भी है। लोक कलाकार अक्सर मकर को एक वास्तविक जलीय जीव के रूप में, गंगा के किनारे धूप सेंकते हुए पाए जाने वाले घड़ियाल को देवी गंगा के वाहन के रूप में प्रस्तुत करते हैं। मगरमच्छों को प्रवेश द्वारों का संरक्षक भी माना जाता है, माना जाता है कि मगर "उस अव्यवस्था का प्रतीक हैं जिससे व्यवस्था और सृजन उत्पन्न होता है"।

गंगा में पायी जाने वाली प्रजातियाँ

गंगा नदी में मगरमच्छों की तीन प्रजातियां पाई जाती है। मगर, ***क्रोकोडाइलस पलुस्ट्रिस*** (आईयूसीएन रेड लिस्ट के अंतर्गत संकटग्रस्त) और खारे पानी के मगरमच्छ, ***क्रोकोडाइलस पोरोसस*** (आईयूसीएन रेड लिस्ट के अंतर्गत संकटमुक्त) परिवार क्रोकोडाइलिडे का प्रतिनिधित्व करते हैं, और घड़ियाल, ***गेवियलिस गैंगेटिकस*** (आईयूसीएन लाल सूची के तहत गंभीर रूप से लुप्तप्राय), परिवार गेवियलिडे का प्रतिनिधित्व करते हैं। घड़ियाल का नाम उनके थूथन के अंत में उभरी हुई घड़े जैसी आकृति से लिया गया है। यह प्रजातियाँ भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (संशोधन, 2022) की अनुसूची I के अंतर्गत संरक्षित हैं।

पारिस्थितिक भूमिका

मगरमच्छों की उपस्थिति से मछलियों के भण्डारण और उनके स्वास्थ्य में वृद्धि होती है क्योंकि मगरमच्छ बीमार मछलियों को भी खाते हैं। इस प्रकार, मछलियों की प्रजातियों के संयोजन में संतुलन बना रहता है।

संकट के कारण

शिकार, मछली पकड़ना, रेत खनन, बांधों के कारण जलप्रवाह में अत्यधिक परिवर्तन के कारण इनके प्राकृतिक आवास में कमी, प्रतिशोध में मगरमच्छों व घड़ियालों की हत्या; मछली के जाल में उलझना, घड़ियाल के लिए शिकार कम होना, इनकी लगातार कम होती संख्या के प्रमुख कारण हैं।

नमामि गंगे
Earth ganga
भारतीय वन्यजीव संस्थान Wildlife Institute of India

कुर्मावतार
(कछुआ)

पौराणिक कथा

कूर्म भगवान विष्णु के दस अवतारों में से दूसरा अवतार है। भगवान विष्णु का यह अवतार समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ा है अमृत की खोज में देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन किया गया, जिसमें दिव्य नाग वासुकी ने स्वयं को रस्सी के रूप में प्रस्तुत किया और कूर्म की पीठ पर रखे मंदार पर्वत को मथने वाली छड़ी के रूप में उपयोग किया गया। वैदिक ग्रंथों में कूर्म को प्रजापति ब्रह्मा से भी जोड़ा गया है। सप्तऋषियों में से एक, ऋषि कश्यप, जिन्हें वैदिक धर्म का कुलपति माना जाता है, उनके नाम का अर्थ भी हिंदी में "कछुआ" है । कछुए को देवी यमुना नदी के वाहन के रूप में चित्रित किया गया है।

जातक कथाओं में से एक कथा में, भगवान बुद्ध ने अपने पूर्वजन्मों में से एक जन्म में कछुआ का रूप धारण किया था, जिन्होंने सभी संवेदनशील प्राणियों के संरक्षण का प्रण लिया था।

गंगा में पायी जाने वाली प्रजातियाँ

भारत में, मीठे पानी के कछुओं की 24 प्रजातियाँ और कूर्मों की पाँच प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से 9 कछुओं की प्रजातियाँ गंगा नदी में मिलती हैं। जिनमें से दो (रेड क्राउन्ड रूफ्ड कछुआ, *बटागुर कछुगा*; थ्री स्ट्राइप्ड रूफ्ड कछुआ, *बटागुर ढोंगोका*) को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) रेड लिस्ट सूची में गंभीर रूप से लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है और भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (संशोधन 2022) की अनुसूची I के अंतर्गत सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके अलावा, इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) रेड लिस्ट के तहत चार प्रजातियाँ लुप्तप्राय हैं (क्राउन्ड रिवर कछुआ *हारडेला थुर्जी*, इंडियन नैरो हेडेड सॉफ्टशेल कछुआ, *चित्रा इंडिका* ; इंडियन सॉफ़्टशेल कछुआ, *निल्सोनिया गैंगेटिका* ; इंडियन पीकॉक सॉफ़्टशेल कछुआ, *निल्सोनिया हुरम*), एक प्रजाति संकटग्रस्त है (इंडियन रूफ्ड कछुआ *पंगशूरा टेक्टा*), और दो प्रजातियाँ संकटमुक्त हैं (इंडियन फ्लैपशेल कछुआ *लिसेमिस पंक्टाटा*, इंडियन टेन्ट कछुआ *पंगशुरा टेंटोरिया*)।

पारिस्थितिक भूमिका

कछुए जलीय वनस्पति को नियंत्रित करके एक महत्वपूर्ण पारिस्थितिक भूमिका निभाते हैं, सफाईकर्मियों की तरह नदियों और झीलों के स्वास्थ्य व स्वच्छता को बनाए रखने में मदद करते हैं, इसी विशेषता के कारण कछुओं को जलीय गिद्ध की उपाधि भी दी गई हैं।

संकट के कारण

आवास का क्षरण और अवैध शिकार।

नमामि गंगे · Arth Ganga · भारतीय वन्यजीव संस्थान Wildlife Institute of India · जलज